न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना जिला बालोतरा

पीठासीन अधिकारीः सुरेन्द्र सिंह खंगारोत आर.ए.एस

राजस्व आवेदन संख्याः—190 / 2024

प्रार्थीगणः—

1. धर्माराम पुत्र मगनाराम जाति कलबी चौधरी निवासी जेठन्तरी तहसील समदडी जिला बालोतरा
2. गोबरराम पुत्र मगनाराम जाति कलबी चौधरी निवासी जेठन्तरी तहसील समदडी जिला बालोतरा
3. भगाराम पुत्र मगनाराम जाति कलबी चौधरी निवासी जेठन्तरी तहसील समदडी जिला बालोतरा
4. तेजाराम गोदपुत्र गिलाराम जाति कलबी चौधरी निवासी जेठन्तरी तहसील समदडी जिला बालोतरा
5. मांगीलाल पुत्र सवाराम जाति कलबी चौधरी निवासी जेठन्तरी तहसील समदडी जिला बालोतरा
6. पारस पटेल पुत्र नेमाराम जाति कलबी चौधरी निवासी जेठन्तरी तहसील समदडी जिला बालोतरा
7. हनुमानाराम पुत्र नेमाराम जाति कलबी चौधरी निवासी जेठन्तरी तहसील समदडी जिला बालोतरा

बनाम

विप्रार्थीः—

राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार समदडी जिला बालोतरा

राजस्व आवेदन अन्तर्गत धारा 131, 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

उपस्थित :—

श्री कैलाशपुरी वकील प्रार्थीगण

—:: आदेश ::—

दिनांक :— 07-08-2025

संक्षेप में आवेदन के तथ्य इस प्रकार है कि प्रार्थीगण की खातेदारी भूमि खसरा संख्या 638 रकबा 01.5934 हैक्टेयर ग्राम जेठन्तरी तहसील समदडी में अवस्थित है। वक्त सेटलमेन्ट से प्रार्थी के हक[illegible]धिकारी तथा उनके पश्चात प्रार्थीगण का उक्त भूमि पर कब्जा कश्[illegible] सेटलमेन्ट शीट सवंत् 2009 मे विवादित भूमि खसरा संख्या 638 का नक्शा [illegible]रा संख्या 637 के उत्तरी तरफ दर्शाया गया है वक्त सेटलमेन्ट राजस्व कर्मचारियों द्वारा वक्त सेटलमेन्ट शीट के अनुसार नक्शा ट्रेस में इन्द्राज करने के दौरान पूर्व सेटलमेन्ट शीट के अनुसार इन्द्राज न कर खसरा संख्या 637 के बदिशा दक्षिण में दर्शा दिया है विवादित भूमि का नक्शा ट्रेस में राजस्व कर्मचारियों द्वारा उक्त तरमीम में सहवन से पूर्व में हुए

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)

Signature Not Verified
Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2025.11.28 17:09:29 IST
Reason: SelfAttested

नक्शा तरमीम से करीब 200 मीटर बदिशा दक्षिण की तरफ दर्शाकर तरमीम कर दी गई है। उक्त त्रुटिपूर्ण तरमीम को दुरूस्ती हेतु प्रार्थीगण द्वारा उक्त प्रार्थना पत्र पेश किया गया है।

प्रकरण दर्ज कर जरिये नोटिस विप्रार्थी की तलबी की गई।

तहसीलदार समदडी ने जरिये पत्र कमांक–भू.अ./2025/1943 दिनांक 03.07.2025 द्वारा तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रेषित की।

प्रार्थीगण अधिवक्ता की बहस सुनी गई एवं तहसीलदार समदडी द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट का अवलोकन किया। रिपोर्ट अनुसार तहसील समदडी में उपलब्ध नक्शा परिशिष्ट ''बी'' ऑनलाईन नक्शा नकल परिशिष्ट ''ए'' तथा हल्का पटवारी के पास उपलब्ध आनलाईन शीट की नकल परिशिष्ट ''सी'' इन तीनो नकलो में दर्शित खसरा संख्या 638 सही है, उक्त तीनो नक्शे में कोई भिन्नता नहीं है, खसरा संख्या 638 का ऑनलाईन अवलोकन करने पर यह प्रतीत होता है कि उक्त खसरे का रकबा ज्यादा है, किन्तु नक्शे में उक्त खसरा छोटा दर्शाया गया है जो कि जमाबंदी व नक्शा से मेल नहीं खाता है तहसीलदार समदडी के रिपोर्ट अनुसार ऑनलाईन नक्शे में त्रुटि हुई है उक्त त्रुटि को दुरूस्त किये जाने से पडौसी खसरे खसरा संख्या 626, 637, 639 व 640 के रकबे में तथा विवादित खसरे के रकबे में कोई परिवर्तन नहीं होगा तहसीलदार समदडी ने मौका रिपोर्ट में अवगत करवाया है कि प्रार्थीगण का कब्जे मौके पर परिशिष्ठ ''डी'' अनुसार है तथा उक्त त्रुटिपूर्ण तरमीम को परिशिष्ठ''डी''अनुसार दुरूस्त किया जाना उचित बताया है।

लिहाजा प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र तहसीलदार समदडी द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट के आधार पर स्वीकार किया जाकर खसरा संख्या 638 की पूर्व की तरमीम को निरस्त किया जाकर मौका रिपोर्ट के संलग्न परिशिष्ट ''डी'' अनुसार दुरूस्त किया जाने के आदेश दिया जाता है,तहसीलदार समदडी तद्नुसार राजस्व रेकर्ड में अमलदरामद करना सुनिश्चित करे। तहसीलदार समदडी द्वारा प्रेषित मौका रिपोर्ट कमांक–भू.अ./2025/1943 दिनांक 03.07.2025 के संलग्न परिशिष्ट ''डी'' इस आदेश का अभिन्न अंग रहेगा। पत्रावली फैसल सुमार होकर दाखिल दफ्तर हो।

आदेश आज दिनांक 07.08.25 को सरे इजलास सुनाया गया।

Signature Not Verified

Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2025.11.28 17:09:29 IST
Reason: SelfAttested

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी सिवाना (बालोतरा)

(सुरेन्द्र सिंह खंगारोत)
उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)

परिशिष्ट "D"

आंशिक नक्शा किश्तवार
मौजा - जेठन्तरी (समदड़ी)
पैमाना 1:4000



उपखण्ड अधिकारी
सिवाना (बालोतरा)

संकेत

(1) प्रस्तावित भूमि 638

(2) खसरा 638 की हाल

27/07/2025
प. जेठन्तरी

27/07/25
(प) समदड़ी

Signature Not Verified

Digitally signed by Surendra Singh Khangarot
Date: 2025.11.28 17:09:29 IST
Reason: SelfAttested